Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take necessary steps for growth of Agriculture Sector in the Country.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) : इस बात के काफी संकेत हैं कि देश में कृषि उत्पादकता और खाद्यान्न उत्पादन में कमी आ रही है। प्रधान मंत्री ने उत्पादन में वृद्धि करने और तत्पश्चात् मूल्य श्रृखंला में सुधार लाने पर बल दिया है। कृषि क्षेत्र के धीमे विकास के मुख्य कारण कम सार्वजनिक निवेश, उत्पादकता में स्थिरता आना, मृदा का क्षरण, फसल कटाई अपशिष्ट, अल्पमूल्यवर्धन, वर्षा सिंचित क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी का अल्प उपयोग तथा किसानों के उत्पादों का बाजार के बिचौलियों द्वारा मूल्य निर्धारण किया जाना आदि है। देश में दूसरी हरित क्रांति लाने के लिए इसमें इस प्रक्रिया को स्मरण करना और उससे सीखना होगा, जिससे प्रथम हरित क्रांति संभव हो पाई। जैव विज्ञान, जल संरक्षण, सूक्ष्म कृषि तथा जैव प्रौद्योगिकी आदि में इजराइल जैसे देशों के अनुभवों का इस्तेमाल किए जाने की आवश्यकता है। मैं केन्द्र सरकार से इस संबंध में आग्रह करता हूं कि देश में कृषि के विकास हेतु हर संभव प्रयास करे।